# कानपुर नोड बना अग्रणी निवेश केंद्र

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर (यूपीडीआईसी) का कानपुर नोड 12,800 करोड़ के निवेश प्रस्तावों के साथ यूपी डिफेंस कारिडोर में प्रमुख निवेश केंद्र के रूप में उभरा है। यहां न केवल निवेश प्रस्तावों की होड़ लगी है, बल्कि कई कंपनियों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है।अदाणी, डेल्टा काम्बैट आदि रक्षा कंपनियों के निवेश से रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी इसे गति मिली है।

कानपुर नोड ने रक्षा निवेश में अपनी स्थिति मजबूत की है। यहां कुछ कंपनियां पहले ही उत्पादन शुरू कर चुकी हैं। यूपीडा ने दिसंबर में जारी रिपोर्ट में बताया है कि कानपुर नोड में अब तक 12,803.58 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। स्वीकृत 222.86 हेक्टेयर भूमि में से 210.60 हेक्टेयर भूमि उद्योगों को दी जा चुकी है। महत्वपूर्ण निवेश में अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलाजीज लिमिटेड का 1,500 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

> कानपुर नोड उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर का महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर उभरा है। यह नोड रक्षा विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बन रहा है।
> – **अभिषेक प्रकाश**, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी

**12,800**

**करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव हुए इस नोड में**

## प्रस्तावित परियोजनाएं

- इस नोड में जेनसर एयरोस्पेस एंड आइटी प्राइवेट लिमिटेड की 3,000 करोड़ के निवेश से दो प्लस सात सीटर लाइट बिजनेस जेट के विकास की योजना है।
- अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलाजीज लिमिटेड द्वारा 2,500 करोड़ का अतिरिक्त निवेश और अनंत टेक्नोलाजीज द्वारा जियो उपग्रह निर्माण के लिए 2,000 करोड़ और लियो उपग्रह के लिए 1,500 करोड़ का निवेश प्रस्ताव शामिल है।
- लोहिया एयरोस्पेस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड ने 370 करोड़ के निवेश से एक एयरोस्पेस कंपोजिट सुविधा स्थापित करने की योजना बनाई है।
- नेत्रा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (नेशनल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी रिसर्च एंड एनालिसिस) ने तोपखाने के गोले बनाने के लिए 360 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है।
- सीआइएलएएस रक्षा ड्रोन बनाने के लिए लेजर तकनीक के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की संभावना तलाश रही है। लाधानी समूह की वृंदावन बाटलर्स प्राइवेट लिमिटेड कानपुर क्षेत्र में बाटलिंग प्लांट स्थापित करने के लिए 225 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एमएसके बिजनेस साल्यूशंस कानपुर में रडार और एवियोनिक्स बनाने के लिए रूसी ओईएम के साथ संयुक्त उद्यम में 120 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है।